पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>बुद्ध पूर्णिमा पर राज्यपाल की बधाई</u>

लखनऊः 20 मई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने प्रदेशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि भगवान गौतम बुद्ध ने अहिंसा, कर्म, समानता और मोक्ष प्राप्ति के लिये सहज साधना का जो मर्म बताया था वह अनुकरणीय है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में यह भी कहा है कि महात्मा बुद्ध द्वारा हजारों वर्ष पूर्व दिये गये उपदेश आज भी सार्थक है और आने वाली सदियों तक भी सार्थक रहेंगे। इन पर चलकर ही मानव कल्याण का मार्ग निहित है।

अंजुम/ललित/राजभवन (183/18)